<u>संदेश</u>

शिक्षक दिवस के अवसर पर मैं पूरे देश के शिक्षक समुदाय को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

महान शिक्षक, दार्शनिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एस राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष में मनाए जाने वाले 'शिक्षक दिवस' पर मैं उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण करती हूं। विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ ही जीवन मूल्यों का भी संचार करने वाले शिक्षकों के लिए वे आज भी प्रेरणा-स्रोत हैं।

हमारे शिक्षकगण, शोध, प्रयोग और नवाचार के माध्यम से अपनी क्षमता और दक्षता को निरंतर बढ़ा रहे हैं। अब, देश के शिक्षा जगत में आमूल परिवर्तन लाने वाली, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से शिक्षकों को हमारी शिक्षा व्यवस्था में भारतीय संस्कृति और भाषा की पुनः प्रतिष्ठा का भी सुअवसर प्राप्त हो रहा है।

मेरी कामना है कि शिक्षा के पुनीत कार्य में और भी योग्य प्रतिभाएं जुड़ें। मैं शिक्षक समुदाय को पुनः शुभकामनाएं देती हूं कि वे ऐसे भावी नागरिक तैयार करने में सफल हों जो मन, वचन और कर्म से राष्ट्र की भलाई के लिए काम करने वाले हों।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि शिक्षकों के सद्प्रयासों से भारत शिक्षा के क्षेत्र में नित नई उपलब्धियां हासिल करेगा।

****